तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 13 अक्टूबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
हाथियों का झुंड पहुंचा कोरबा रेंज गेराव-बताती में किया फसल को बर्बाद



## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ी गायिका अलका चंद्राकर का जसगीत आज



**हरदीबाजार।** पाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चोढ़ा में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी दशहरा महोत्सव रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम 13 अक्टूबर लोकगीत गायिका श्रीमती अलका चंद्राकर का जसगीत कार्यक्रम आयोजित है, ग्राम पंचायत चोढ़ा की सरपंच श्रीमती सुनीता करपे, सभी पंचगण ने जसगीत कार्यक्रम में शामिल होने अपील की है।

### कांग्रेस जिला पर्यवेक्षक आज लेंगे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक

**कोरबा।** कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत कोरबा जिला पर्यवेक्षक डॉ.आर सी खुटिया 13 अक्टूबर को प्रातः 10.30 बजे बालको ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक उत्सव वाटिका में लेंगे। इसी दिन दोपहर 3 बजे कोरबा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक लेंगे उसके बाद ग्रामीण जिला कांग्रेस के 11 उम्मीदवार एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष के 15 उम्मीदवारों से एक-एक कर मुलाकात करेंगे तत्पश्चात संध्या 4.30 बजे सांसद, पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री, विधायक, पूर्व विधायक, जिला अध्यक्ष शहर एवं ग्रामीण, पूर्व जिला अध्यक्ष, शहर एवं ग्रामीण युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष एवं शहर एवं ग्रामीण महिला कांग्रेस के अध्यक्ष के साथ चर्चा करेंगे। कोरबा जिला पर्यवेक्षक 5 से 13 अक्टूबर तक लगातार 9 दिनों तक सुबह से लेकर देर रात तक कांग्रेस संगठन के जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, सेवादल, इंटक आदि के अलावा शहर के 4 ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं ग्रामीण के 11 ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक लेकर शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष चयन प्रक्रिया के तहत कार्य करते रहे।

### ठेका कंपनियों की जानकारी सार्वजनिक करने की मांग

**कोरबा।** सांसद प्रतिनिधि कुलदीप सिंह राठौर ने एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के अंतर्गत चल रहे ठेका कार्यों में संलग्न कंपनियों के संबंध में महत्वपूर्ण और प्रमाणित जानकारी तत्काल उपलब्ध कराने की मांग की है। कुलदीप सिंह राठौर ने मुख्य महाप्रबंधक एसईसीएल गेवरा क्षेत्र को एक पत्र लिखकर जानकारी मांगी है कि ठेका कंपनियों की सूची, कार्य का नाम, ठेके की अवधि और कार्यरत कर्मचारियों की संख्या की विस्तृत जानकारी, स्थानीय के प्रति उत्तरदायित्व उक्त कर्मचारियों का स्थानीय क्षेत्र के प्रति क्या उत्तरदायित्व है इसकी स्पष्ट जानकारी, कर्मचारी सुविधाएं ठेका कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को दी जाने वाली सभी सुविधाओं की जानकारी, ठेका नियमों की जानकारी जिस नियम एवं शर्तों के तहत ठेका प्रदान किया गया है उसकी संपूर्ण जानकारी मांगी गई है।

# मनरेगा में इस वर्ष कुएं की जगह तालाब गहरीकरण पर किया गया फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जल संरक्षण के लिए तालाब और कुंओं को सर्वोपरी माना जाता है। मनरेगा में ग्रामीण अंचल में हितग्राहियों के यहां कुंआ खुदाई की योजना भी लागू है। किंतु इस वर्ष जिले के किसी भी ब्लॉक के ग्रामीण अंचल में कुंए खुदाई का काम नहीं हो सका है केवल तालाबों के गहरीकरण का ही काम किया गया है।

जल संरक्षण के लिए बीते कुछ वर्षों से लगातार मनरेगा में काम होते आये हैं। कुंआ खुदाई से लेकर तालाब का निर्माण प्रमुखता से किया गया। पंचायतों के प्रस्ताव पर इन दोनों कार्यों को प्राथमिकता से करने के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों को रोजगार मिला था। तालाब खुदाई और गहरीकरण में 30 से 40 कहीं कहीं 60 से 70 जॉब कार्डधारी मजदूर नियोजित हुआ करते थे। इसके अलावा कुंआ खुदाई के लिए भी हितग्राहियों को मजदूरी का लाभ भी दिया जाता था। जिसका हितग्राहियों ने फायदा उठाया और पंचायतों में प्रस्ताव देकर घर और खेत में कुंआ खुदाई का कार्य कराया। अब तक 7 सौ से अधिक कुंआ खुदाई हो चुकी है। वर्ष 2025-26 में कुंआ खुदाई के कार्यों के प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं मिल सकी है। इसके पीछे मनरेगा से पीएम आवास के मजदूरों को मजदूरी देने के निर्देश दिये गये हैं। वहीं बीते दो वर्ष से मनरेगा में प्रत्येक वर्ष के लिए कार्यों की संख्या भी निर्धारित कर दी गई है। जितने कार्यों की संख्या जिले के लिए तय की गई है उससे अधिक कार्य नहीं कराए जा सकते। यही कारण था कि बड़े कार्यों को लेकर ही ज्यादा फोकस किया गया।

### जल संरक्षण व संवर्धन के लिए बनी है कार्ययोजना

**खास बातें**

- पंचायतों से हितग्राहियों के प्रस्ताव भी पहुंचे थे जनपद में
- शासन स्तर से कार्यों का लक्ष्य भी किया गया है निश्चित



### बने हैं सिंचाई के साधन

मनरेगा से बनाए गए तालाब और कुंए ग्रामीणों के लिए सिंचाई के लिए साधन बने हुए हैं। तालाबों में पानी होने की वजह से आसपास के खेतों की सिंचाई ग्रामीणों के द्वारा सबमर्शिबल पंप लगाकर की जा रही है। इसी तरह सब्जी उत्पादन के लिए ग्रामीण घरों में बने कुंआ का उपयोग सिंचाई के लिए कर रहे हैं। कुंए और तालाब से सिंचाई सुविधा होने के कारण सब्जी उत्पादन ग्रामीण अंचलों में बढ़ा है। इस वर्ष भी कुंए खुदाई केलिए प्रस्ताव आये थे। किंतु तालाब गहरीकरण को ही प्राथमिकता दी गई थी।

## प्रायमरी से मिडिल स्कूल तक रहेगी एक कमेटी

# युक्तियुक्तकरण के आठ माह बाद शाला प्रबंधन विकास समिति का होगा पुनर्गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

युक्तियुक्तकरण के आठ माह बाद शाला प्रबंधन समिति का नये सिरे से पुनर्गठन किया जाएगा। अब तक प्रायमरी से लेकर हाई सेकेंडरी स्कूल तक अलग अलग कमेटी हुआ करती थी। अब नए आदेश से प्रायमरी से मिडिल स्कूल तक एक कमेटी और हाई व हायर सेकेंडरी तक एक कमेटी रहेगी।

**खास बात**

- अब तक हर स्कूल में अलग-अलग बनी थी कमेटियां

जून माह में राज्य शासन ने स्कूलों का युक्तियुक्तकरण कर शिक्षकों के काउंसलिंग के द्वारा नए सिरे से पदस्थापना की गई थी। युक्तियुक्तकरण की इस प्रक्रिया में शाला प्रबंधन विकास समिति के लिए भी निर्देश जारी हुए थे। उक्त निर्देश के अंतर्गत स्कूलों में गठित शाला प्रबंधन विकास समिति का भी समायोजन के साथ पुनर्गठन किया जाएगा। किंतु आठ माह तक कमेटी के संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किसी तरह का दिशा निर्देश नहीं दिए जाने के कारण कमेटियां पूर्व की तरह संचालित हो रही थी। हाल ही में शुरु हुआ मुख्यमंत्री शिक्षा अभियान में भी प्रायमरी से लेकर हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल तक गठित कमेटियों के सदस्यों के द्वारा ही इस अभियान के तहत शिक्षकों और छात्रों से 20 प्रश्नावनी के तहत सवाल किये गये थे। दो दिन पूर्व लोक शिक्षण संचालक के द्वारा जारी आदेश के तहत इस पर तत्काल अमल किया जा रहा है।



फाइल फोटो

### हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य के अधीन होते हैं सभी स्कूल

पूर्व में जारी स्कूल शिक्षा विभाग के जारी आदेश के तहत प्रायमरी, मिडिल, हाई स्कूल ये सभी हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य के अधीन आते हैं। इनका नोडल हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य होता है जो संकुल केंद्रों के निरीक्षण के साथ सभी स्कूलों के निरीक्षण की जिम्मेदारी का निवर्हन करता है। किंतु अधिकांश हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य अपने अधीन आने वाले किसी भी स्कूल का निरीक्षण नहीं करते। जब कभी स्कूल की शिकायत आती है तब उक्त प्राचार्य अपने जिम्मेदारी का निवर्हन करते हैं।

### मिडिल एचएम के अधीन होंगे प्रायमरी स्कूल

शाला प्रबंधन विकास समिति प्रायमरी से लेकर मिडिल स्कूल तक एक होने के साथ ही प्रायमरी स्कूल भी मिडिल एचएम के अधीन आ जाएंगे। इसके बाद प्राथमिक स्कूल के एचएम और वहां पदस्थ शिक्षकों के दिशा निर्देश मिडिल एचएम जारी करेंगे। हालांकि शिक्षण अवकाश से संबंधित प्राथमिक स्कूल के प्रधानपाठक को ही आवेदन देना होगा। उनके द्वारा मिडिल एचएम को आवेदन प्रेषित किये जाएंगे। यह भी निर्देश युक्तियुक्तकरण के साथ ही लागू होना था। किंतु लागू नहीं होने की वजह से अब तक मिडिल स्कूल के एचएम का प्रायमरी स्कूल पर किसी तरह का नियंत्रणनहीं था।

### डीपीआई का आदेश आया है

डीपीआई के द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। इस आदेश के तहत अब प्रायमरी स्कूल और मिडिल स्कूल के लिए एक समिति होगी एवं प्रायमरी के प्राचार्य मिडिल प्राचार्य के अधीन हो जाएंगे।

-टीपी उपाध्याय, डीईओ

# पैसेंजर ट्रेन के मामले में ठेका कंपनी के सुपरवाइजर व मजूदर के खिलाफ कार्रवाई



आरपीएफ की गिरफ्त में मजदूर व सुपरवाइजर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते गुरुवार को मंडवारानी रेलवे स्टेशन में बिलासपुर से आ रही पैसेंजर ट्रेन के एसी बोगी के नीचे चक्के में लोहे का एंगल आने से कुछ समय के लिए यात्री गाड़ी को रोका गया था। इस मामले को लेकर आरपीएफ ने ठेका कंपनी के सुपरवाइजर और मजदूर की लापरवाही मानते हुए उनके खिलाफ अपराध दर्ज की है।

**खास बात**

- चार दिन पूर्व मड़वारानी स्टेशन परिसर के समीप हुई थी घटना

छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के डिरेल होने के मामले में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने ठेका कंपनी के सुपरवाइजर और एक मजदूर के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। घटना मड़वारानी रेलवे स्टेशन के पास हुई थी, जिसमें ठेका कंपनी की लापरवाही सामने आई है। गुरुवार सुबह करीब 9:30 बजे कोरबा रेलवे स्टेशन से छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस यात्रियों को लेकर रवाना हुई थी। मड़वारानी स्टेशन के समीप पहुंचते ही ट्रेन की एसी बोगी के नीचे के पहिया में लोहे का एंगल आ गया था लेकिन लोको पायलट की सूझबूझ से बड़ी घटना टल गई। इस घटना से यात्रियों में हड़कंप मच गया। लोको पायलट ने सूझबूझ से ट्रेन को नियंत्रित किया और घटना की सूचना अधिकारियों को दी। इस पूरे प्रकरण में आरपीएफ ने ठेका कर्मी और मजदूर के लापरवाही मानते हुए उनके खिलाफ अपराध दर्ज करने की कार्यवाही की है। आरपीएफ प्रभारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ धारा 151 रेलवे एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

# पहले पत्नी की गला दबाकर कर दी हत्या फिर पति झूल गया फांसी के फंदे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पेशे से ट्रक चालक ने किसी बात को लेकर अपनी पत्नी से कहासूनी हो गई और आवेश में आकर पति ने अपनी पत्नी की पहले गला दबाकर हत्या कर दी और बाद में स्वयं घर में फांसी के फंदे में झूल गया। वारदात की सूचना मिलने पर फॉरेंसिक एक्सपर्ट और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी, जहां पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपूर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पति ने हत्या क्यों और किसलिए की है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है, पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी हुई है।

**खास बात**

- पसान थाना क्षेत्र के ग्राम लैंगा की घटना, बच्चों के सिर से उठा माता पिता का साया



घटना स्थल पर जांच करती पुलिस एवं फारेंसिक एक्सपर्ट।

जानकारी के अनुसार मामला जिले के दुरुस्त वनांचल क्षेत्र के पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लैंगा में घटित हुई है। यहां निवासरत संतराम यादव 40 वर्ष अपनी पत्नी अमृता बाई 33 वर्ष एवं बच्चों के साथ निवास करता था। संतराम यादव पेशे से ट्रक चालक था। बताया जाता है कि शनिवार की देर शाम दोनों पति पत्नी ने शराब का सेवन किया था और बच्चे घर के बाहर गली में खेल रहे थे। इस दौरान पति पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। पहले संतराम यादव ने अपनी पत्नी अमृता बाई की गला दबाकर हत्या कर दी और कुछ देर बाद ही उसी कमरे में फांसी के फंदे पर झूल गया। रविवार की सुबह जब मामले की सूचना पुलिस को मिली तो पसान पुलिस व सीन ऑफ क्राईम मोबाइल यूनिट कोरबा से वैज्ञानिक अधिकारी डॉ.सत्यजीत सिंह कोसरीया वैज्ञानिक अधिकारी डॉ.राजश्री सिंह, आरक्षक राजेश कुमार चंद्रा घटना स्थल पहुंचे। घटनास्थल एवं शव निरीक्षण किए जहां महिला का शव खाट में एवं पुरूष का शव रोशनदान के राड में गमछे से लटका हुआ मिला। साथ ही सुसाइड नोट पास में मिला है, लेकिन उसमें स्पष्ट लेख नहीं होने की वजह से पुलिस भी सुसाइट नोट को लेकर उलझ गई है। वहीं अब पति पत्नी की मौत के बाद उसके चार पुत्रों के सिर से माता पिता का साया उठ गया है।

# युवक जा रहा था मंदिर, चार पहिया वाहन में कर लिया अपहरण, भागकर पहुंचा घर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवक सुबह मंदिर जाने के लिए निकला था, जहां मंदिर के समीप पहुंचा था कि एक चारपहिया में सवार युवक पीछे से पहुंचे उसका अहरण कर जंगल ले गए थे, जहां उसके साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। युवक किसी तरह भागकर अपने घर पहुंचा और मामले की सूचना पुलिस को दी गई। अपहरण की सूचना पर पुलिस हरकत में आई और पुलिस की टीम मामले की तस्दीक कर रही है। हालांकि पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि अभी तक मामले में कुछ सामने नहीं आया है। जांच के बाद ही मामले से पर्दा उठ सकेगा।

**खास बातें**

- पुलिस की टीम जुटी मामले की जांच में, जांच के बाद ही मामले का होगा खुलासा
- मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत आरएसएस नगर की बतायी जा रही घटना



उपचार करते हुए चिकित्सक।

### दो दिन पहले ही युवक के साथ हुई थी लूटपाट

उल्लेखनीय है कि राठौर स्ट्रीट में निवासरत देवेश की मां की तबियत बिगड़ने पर उसके परिजन उसे उपचार के लिए रायपुर लेकर गए हुए थे इस बीच देवेश सिंह शुक्रवार को घर पर अकेले मौजूद था। शाम लगभग 4 बजे दो युवक टहलते हुए राठौर स्ट्रीट पहुंचे थे जहां उसका सामना देवेश सिंह से हुआ। किराये का मकान लेने के संबंध में उससे पूछताछ करते-करते उसके घर जा पहुंचे और मकान देखने के बहाने उसके घर में घुसकर पहले देवेश सिंह की जमकर उन्होंने पिटाई की और अलमारी में रखे देवेश के मां की कंगन, बाली व 4 हजार रुपए नगद लूट कर फरार हो गए थे। पुलिस इस मामले की पड़ताल में जुटी हुई थी कि फिर से देवेश का फिर से अपहरण कर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। हालांकि देवेश ने जो बयान पुलिस दिया है वह बात पुलिस के गले नहीं उतर रही है। जांच के बाद ही मामला दूध का दूध पानी का पानी हो सकेगा।

जानकारी के अनुसार रविशंकर शुक्ल नगर स्थित राठौर स्ट्रीट में निवासरत देवेश सिंह उम्र 34 वर्ष पिता स्व. विजय सिंह का परिवार निवास करता है। बताया जाता है कि देवेश रविवार की सुबह लगभग 9.30 बजे रविशंकर शुक्ल नगर स्थित मंदिर जा रहा था कि पीछे से एक चारपहिया वाहन में कुछ पहुंचे और उसे उठाकर अपने साथ जंगल ले गए थे, जहां पहले से मौजूद कुछ युवकों ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की घटना को अंजाम दे रहे थे कि देवेश युवकों के कब्जे से छुड़ाकर भागकर अपने घर पहुंचा था और इसकी जानकारी अपने परिजन व पुलिस को दी थी। परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया था। अपहरण की सूचना पाते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितीश ठाकुर, नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का व सिविल लाईन पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। जहां पुलिस ने देवेश का बयान दर्ज किया और बयान के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। जिस तरह से युवक ने अपहरण की बात कही है काफी संगीन है, लेकिन इस मामले को लेकर जब नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि युवक के बयान के आधार पर पुलिस मामले तस्दीक कर रही है। जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा। जिस तरह से युवक ने बयान दिया है उसके आधार पर ऐसे कुछ साक्ष्य नहीं मिल रहे हैं। फिलहाल पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी हुई है। जांच के बाद ही मामले से पर्दा उठ सकेगा।

## कटघोरा में आरएसएस का विजयादशमी पथ संचलन संपन्न

# पथ संचलन है अनुशासन, उत्साह और देशभक्ति का अद्भुत प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का विजयादशमी पथ संचलन अत्यंत अनुशासन, उत्साह और भक्ति भाव के साथ निकाला गया। संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित इस विशेष आयोजन में नगर के सैकड़ों स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में भाग लेकर राष्ट्रप्रेम और संगठन शक्ति का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय शहीद वीर नारायण चौक के समीप स्थित रैन बसेरा प्रांगण से हुआ। प्रातःकाल स्वयंसेवकों ने पवित्र भगवा ध्वज को प्रणाम कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। इसके पश्चात शारीरिक प्रदर्शन, योगाभ्यास और शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने सुसंगठित ढंग से व्यायाम और योगासन प्रस्तुत कर संघ की अनुशासन और एकता की भावना को प्रदर्शित किया। पथ संचलन रैन बसेरा प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकला। यह पुराना बस स्टैंड, जयस्तंभ चौक, पुरानी बस्ती, मुख्य मार्ग, गायत्री मंदिर रोड होते हुए न्यू बस स्टैंड पहुंचा और पुनः रैन बसेरा प्रांगण में आकर संपन्न हुआ। पूरे मार्ग में नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर स्वयंसेवकों का स्वागत करते रहे। कई स्थानों पर नागरिकों और सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा की गई। प्रमुख चौराहों पर फूलों की बारिश कर ⏭ शेष पेज 2 पर



नगर में पथ संचलन करते आरएसएस के स्वयं सेवक।

### चौक चौराहों पर तैनात रही पुलिस

पथ संचलन के दौरान कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी स्वयं पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। नगर के विभिन्न चौराहों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। चूँकि रविवार को साप्ताहिक बाज़ार भी लगा था, इसलिए भीड़ को नियंत्रित करने और पथ संचलन को निर्विघ्न संपन्न कराने में पुलिस प्रशासन ने उत्कृष्ट भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में स्वयंसेवकों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान किया और संघ की प्रतिज्ञा दोहराई। पूरे आयोजन में अनुशासन, एकता और राष्ट्रभक्ति की झलक स्पष्ट दिखाई दी।

## खबर संक्षेप

### गांजा की खेप मंगाने वाला युवक गिरफ्तार, यूपी से पकड़ा गया आरोपी



**अम्बिकापुर।** शहर में गांजा की खेप मंग्वाले वाले तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पूर्व में गिरफ्तार किए गये आरोपी से पूछताछ के दौरान मिली जानकारी के आधार पर यह कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने 15 सितम्बर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कोई संदिग्ध व्यक्ति सतगुरु कबीर आश्रम के पीछे गांजा बिक्री करने के लिए ग्राहक का इन्तजार कर रहा है। सूचना के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर यूपी के सोनभद्र परसौना निवासी 19 वर्षीय आशुतोष शर्मा आ. विजय नारायण शर्मा को हिरासत में लेकर उसके पास से 6.5 किलोग्राम गाजा बरामद किया था जिसकी कीमत लगभग 1.25 लाख है। आरोपी से पूछताछ के दौरान यह बात सामने आई कि आरोपी ने गांजा गुरुचरण यादव के कहने पर उड़ीसा से बिक्री करने के लिए लेकर आया था। ऐसे में पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। अब पुलिस ने इस मामले में यूपी सोनभद्र के करमा खैराही अंतर्गत ग्राम सरौली निवासी 20 वर्षीय गुरुचरण यादव आ. धनेश यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी गुरुचरण यादव के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली शशिकान्त सिन्हा, सउनि अभिषेक दुबे, आरक्षक मंटू गुप्ता, देवेंद्र पाठक सक्रिय रहे।

### एक बार फिर हाईटेंशन तार की चपेट में आकर युवक की मौत

**अम्बिकापुर।** एक बार फिर से जंगली सूअर के लिए बिछाए गए तरंगित जाल में फंसकर एक युवक की मौत हो गई। घटना बलरामपुर जिले के त्रिकुंडा थाना क्षेत्र की है। जंगली सूअर के शिकार हेतु लगाए गए फंदे में युवक की मौत के मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपियों से जीआई तार व अन्य समान बरामद किया है।
बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के त्रिकुंडा थाना के डिंडो चौकी अंतर्गत ग्राम विरेंद्र नगर निवासी 21 वर्षीय जयपाल पंडो आ. स्व. बासदेव पंडो 9 अक्टूबर की रात 9-10 बजे के बीच अपने दोस्त शिव प्रसाद पंडो के घर की तरफ गया था लेकिन वह रात को घर नहीं लौटा। इस दौरान परिजन ने सोंचा कि युवक अपने दूसरे घर में रुक गया है और उन्होंने इसपर ध्यान नहीं दिया। इस दौरान शिव प्रसाद पंडो ने युवक के भाई विक्रम पंडो को फोन पर जानकारी दी कि जंगल में जंगली सूअर के शिकार हेतु लगाए गए तरंगित तार के फंदे में फंसकर मौत हो गई है। भाई के मौत की जानकारी मिलने के बाद विक्रम पंडो ने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद डिंडो चौकी प्रभारी नवल किशोर दुबे के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए भेजा। इसके साथ ही पुलिस ने गांव में सदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो चौकाने वाली जानकारी सामने आई। गांव में रामधनी पण्डो देवनरायण पण्डो, धनंजय पण्डो, अमीरचंद पण्डो, संदीप पण्डो, जयकांत पण्डो, शिवप्रसाद पण्डो ने मिलकर जंगली सूअर के शिकार हेतु 11 हजार केवी के लाइन से जीआई तार खींचकर खेत के चारों तरफ बांस की खूंटी लगाकर तरंगित जाल बिछाया था। संभावना जताई जा रही है कि जब मृतक जयपाल पंडो रात को पैदल खेत के रास्ते जा रहा था तो वह हाईटेंशन तार के जाल की चपेट में आ गया। तार की चपेट में आते ही करेंट से युवक की मौत हो गई।

### टाइगर प्वाइंट के झरने से नीचे गिरा युवक, मौके पर मौत

**अंबिकापुर/मैनपाट।** पर्यटन स्थल मैनपाट के टाइगर प्वाइंट झरने से गिरकर रविवार को एक युवक की मौत हो गई। युवक लगभग 40 फीट की उंचाई से नीचे गिरा। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि युवक लम्बे समय से बीमार था। ऐसे में आशंका है कि युवक ने कूदकर आत्म हत्या की है। इस घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। इसके साथ ही पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि मैनपाट के नर्मदापुर निवासी 30 वर्षीय मयंक यादव आ. बलराम यादव रविवार की दोपहर घर से यह कहकर निकला था कि वह टाइगर प्वाइंट झरने में नहाने के लिए जा रहा है। इस दौरान युवक झरने के प्रतिबंधित क्षेत्र में पहुंच गया और घूमते हुए झरने से नीचे गिर गया। जिस समय यह हादसा हुआ उस दौरान घटना स्थल पर बड़ी संख्या में शैलानी मौजूद थे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### पथ संचलन है...

संघ के स्वयंसेवकों का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय अधिकारी अनिल डागा और विश्वकर्मा इंडस्ट्रीज के संचालक गोपाल शर्मा उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता अनिल डागा ने अपने संबोधन में संघ की सौ वर्ष की गौरवशाली यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने संघ के आगामी लक्ष्यों और समाज कल्याण के प्रयासों का उल्लेख करते हुए पंच परिवर्तन के अंतर्गत पाँच प्रमुख कार्यों को हर स्वयंसेवक द्वारा अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संघ केवल संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का माध्यम है।

---

बैठक में शामिल होने पहुंचे प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा

# अभाविप छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यकारिणी बैठक का शुभारंभ, 110 कार्यकर्ता हुए शामिल




बैठक में उपस्थित प्रदेश संगठन के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छत्तीसगढ़ प्रदेश की दो दिवसीय प्रदेश कार्यकारिणी बैठक का शुभारंभ कोरबा जिले के कटघोरा में स्थित अग्रसेन भवन में हुआ। यह बैठक 12 एवं 13 अक्टूबर को आयोजित की जा रही है, जिसमें प्रदेश के सभी जिलों से आए जिला संयोजक, विभाग संयोजक एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सहित कुल 110 कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह बैठक आगामी कार्य की कार्ययोजना निर्धारण, प्रदेश के शैक्षणिक-सामाजिक परिदृश्य पर गहन चर्चा के उद्देश्य से आयोजित की गई है।

बैठक का शुभारंभ क्षेत्रीय संगठन मंत्री चैटस सुखाड़िया, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित बघेल, प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा एवं प्रदेश संगठन मंत्री महेश साकेत द्वारा माता सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित बघेल ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज और राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कार्य करता है। इस सत्र की सदस्यता के लिए सभी कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। आने वाले समय में हमें यह भी सुनिश्चित करना है कि जो विद्यार्थी नियमित रूप से अपनी कक्षाओं में उपस्थित नहीं होते, वे कैसे नियमित रूप से कक्षाओं में आएं हमे इस दिशा में हमें कार्य करना होगा। कार्यक्रम को यज्ञदत्त वर्मा, क्षेत्रीय संगठन मंत्री चैटस सुखड़िया ने संबोधित किया। बैठक में सदस्यता अभियान, वर्तमान शैक्षणिक एवं सामाजिक परिदृश्य, परिसर चलो अभियान, विश्वविद्यालय स्तर पर आंदोलन, प्रांत अधिवेशन की तैयारी, केंद्रीय प्रवास योजना, आगामी सत्र की कार्ययोजना एवं संगठन विस्तार जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की होगी। दो दिवसीय बैठक का समापन आज होगा।

### निहाल के नेतृत्व में हुआ स्वागत



जिला संयोजक निहाल सोनी ने प्रदेश पदाधिकारी एवं अतिथि का स्वागत कर उन्हें कटघोरा स्थित बैठक स्थल तक पहुंचाने की व्यवस्था की। शहर में जगह-जगह स्वागत द्वार एवं होर्डिंग्स सजाए गए हैं। प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा ने जिले के कार्यकर्ताओं के उत्साह और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि कोरबा की ऊर्जा सिर्फ बिजली उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि यहां के कार्यकर्ताओं की निष्ठा, अनुशासन और जोश में भी ऊर्जा झलकती है। कटघोरा में आयोजित प्रदेश कार्यकारिणी की यह बैठक संगठन को नई दिशा और मजबूती प्रदान करेगी। कार्यकारिणी बैठक के मद्देनज़र कोरबा एवं कटघोरा क्षेत्र का राजनीतिक माहौल पूर्णतः उत्साहपूर्ण बना हुआ है। सभी कार्यकर्ता प्रदेश स्तरीय बैठक की सफलता सुनिश्चित करने के लिए पूरी तत्परता से जुटे हुए हैं। बैठक में प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारियों, जिला संयोजकों, मंडल प्रमुखों एवं संगठन से जुड़े अन्य प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। यह बैठक आने वाले संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने में महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होगी।



# घर में घूसे कोबरा का किया गया रेस्क्यू

**कोरबा।** बालको जामबहार निवासी सुनील उरांव के घर में एक कोबरा सांप दिखाई देने से इलाके में दहशत फैल गई। लोगों ने तुरंत इसकी सूचना स्नेक केचर सौम्या पाण्डेय और उमेश यादव को दी। दोनों स्नेक केचर बिना देर किए मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।

काफी मशक्कत के बाद उन्होंने कोबरा सांप को सुरक्षित रूप से पकड़ लिया। सांप को किसी प्रकार की हानि पहुँचाए बिना दोनों ने उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। बालको जामबहार निवासी सुनील उरांव के घर में एक कोबरा सांप का सफल रेस्क्यू स्नेक केचर सौम्या पाण्डेय एवं उमेश यादव के द्वारा किया गया। लोगों को जब सांप दिखा तो लोग डर गए और इसकी तत्काल सूचना स्नेक केचर को दी। उन्होंने तनिक भी देर नहीं किया और तत्काल सुनील उरांव के घर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। उन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह सांप का रेस्क्यू किया। सांप को बिना नुकसान पहुंचाए उन्होंने रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि यदि किसी को सांप दिखे तो वे सांप को नुकसान न पहुंचाएं। और वे उन्हें तत्काल इसकी सूचना दें।

# बालिका एवं महिला खिलाड़ियों ने सिखाए किक्स पंच के दांवपेंच



विजयी प्रतिभागी और एसोसिएशन के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण के निर्देशानुसार वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन द्वारा प्रदेश एसोसिएशन के साथ मिलकर देशभर के 150 शहरों में अस्मिता किकबॉक्सिंग सिटी लीग का आयोजन किया जा रहा है। किकबॉक्सिंग एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ के कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा ने बताया कि इसी तारतम्य में प्रदेश एसोसिएशन द्वारा राज्य के 5 शहरों में इस लीग का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत दिनांक 11 अक्टूबर को डीडीएम पब्लिक स्कूल में इसका आयोजन संपन्न हुआ।

**खास बात**

- खेलो इंडिया अस्मिता किकबाक्सिंग सिटी लीग संपन्न

एसोसिएशन के महासचिव आकाश गुरुदिवान ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता फेडरेशन के द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार बालिकाओं एवं महिला खिलाड़ियों के कौशल विकास हेतु कराई जा रही है, जिसमें पॉइंट फाइटिंग, लाइट कांटेक्ट, लो किक, केवन, म्यूजिकल फॉर्म्स एवं क्रिएटिव फॉर्म्स के किकबॉक्सिंग इवेंट्स में लगभग 204 खिलाड़ियों ने भाग लिया। उक्त प्रतियोगिता में सभी विजेता उपविजेता खिलाड़ियों को श्रीमती संजू देवी राजपूत महापौर, सीवी कृष्णा प्रसाद प्रोजेक्ट हेड अडानी पावर लिमिटेड, श्रीमती भावना खंडारे निरीक्षक महिला सेल प्रभारी, रिंकू बैरागी प्राचार्य डीडीएम पब्लिक स्कूल एवं गणमान्य अतिथियों ने मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के संस्थापक एवं कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा, उप प्राचार्य अनुराग भास्कर, रितेश साहा, प्रभात साहू, जुनैद आलम, अंकुशलाल यादव, लोकिता चौहान, शुभम यादव, मयंक डडसेना, रमेश साहू, अशोक साहू, हिमांशु यादव, जगदीश यादव, शुभम दास, सुयश नामदेव, प्रेरणा मुनि उपस्थित रहे।

### डीएवी में रन फॉर डीएवी मैराथन का हुआ आयोजन

**कोरबा।** डीएवी पब्लिक स्कूल एसईसीएल कुसमुंडा में रन फॉर डीएवी मैराथन दौड़ का शानदार आयोजन किया गया। इस आयोजन में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के कुल 90 छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य चंद्र मोहन पांडेय द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक स्वास्थ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है। नियमित व्यायाम और दौड़ से शरीर में स्फूर्ति आती है तथा मनोबल बढ़ता है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, नियमितता और स्वास्थ्य के महत्व को अपनाने का संदेश दिया। मैराथन प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में कुमारी नेहा साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि कुमारी निकिता सराफ द्वितीय और कुमारी किरण जनपथ तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं बालक वर्ग में अनिश मिंज ने प्रथम स्थान हासिल किया, हर्ष झलरिया ने द्वितीय और कार्तिक चतुर्वेदी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को विद्यालय प्रशासन की ओर से प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह और ऊर्जा का माहौल देखने को मिला। विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकगणों ने भी प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया। आयोजन में खेल प्रभारी सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे और प्रतियोगिता को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डीएवी पब्लिक स्कूल द्वारा इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, खेलों के प्रति रुचि विकसित करना और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है इस संदेश को प्रसारित करना रहा। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के खेलकूद और सांस्कृतिक आयोजनों को निरंतर जारी रखा जाएगा।



# एआई, मशीन लर्निंग एवं पाइथन प्रोग्रामिंग पर प्रशिक्षण



प्रशिक्षण में उपस्थित स्कूल की छात्र छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पीएम श्री अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय दीपका में (एआई), मशीन लर्निंग (एमएल) तथा पाइथन प्रोग्रामिंग पर 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण 7 से 11 अक्टूबर तक चला, जिसमें कक्षा 9 से 11 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का विषय था कृत्रिम बुद्धिमत्ता का परिचय। इस प्रशिक्षण का संचालन वरिष्ठ प्रशिक्षक प्रकाश पाठक एवं कनिष्ठ प्रशिक्षक स्वप्निल पांडे द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्वावधान में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने सीखा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग तकनीकें आधुनिक युग में कैसे उपयोगी हैं और भविष्य की डिजिटल दुनिया में इनका क्या महत्त्व है। इस कार्यक्रम से विद्यार्थियों में तकनीकी ज्ञान, रचनात्मक सोच और नवाचार की भावना में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के कंप्यूटर के शिक्षक राहुल राठौर का विशेष योगदान रहा।

### पीएम श्री सेजेस करतला में पायथन एआई एमएल प्रोग्रामिंग पर हुई कार्यशाला



**कोरबा।** पीएम श्री सेजेस करतला में 7 अक्टूबर से पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला भारत के प्रतिष्ठित संस्थानों में से एक एनआईईएलआईटी भुवनेश्वर के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण में कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इसमे छात्रों को पाइथन जैसी उच्च स्तरीय प्रोग्रामिंग भाषा की शिक्षा के साथ मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शिक्षा दी गई। डिजिटल युग में आने वाली चुनौतियों का प्रबंधन करने और अवसरों का लाभ उठाने के लिए एआई और एमएल की मदद से बड़े डेटा का रूपांतरण बेहद ज़रूरी है। यह तब संभव होता है जब कंपनियां पायथन डेवलपर्स को नियुक्त करती हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य त्रिलोक सिंह, एनआईईएलआईटी प्रशिक्षक प्रकाश बिशी एवं उनके सहायक उमाशंकर आदित्य के साथ-साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।अंत में प्राचार्य त्रिलोक सिंह ने प्रशिक्षकों के प्रति विद्यालय की ओर से आभार व्यक्त किया तथा डायरी और पेन देकर उनका सम्मान किया।

**क्या हैं पायथन एआई/ एमएल प्रोग्रामिंग**

पायथन एआई/एमएल प्रोग्रामिंग के लिए एक भाषा है और यह विभिन्न स्रोतों से डेटा को आसानी से पढ़ने और उसमें हेरफेर करने के लिए लाइब्रेरी और टूल प्रदान करके मदद करती है। पायथन डेवलपर्स पांडा जैसी लाइब्रेरी का उपयोग सीवीएस फाइलों से डेटा आयात करने, उसे साफ करने और विश्लेषण के लिए तैयार करने के लिए कर सकते हैं।

# जिले की पीएम सूर्य घर योजना की मुख्यमंत्री ने की सराहना




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मंत्रालय में आयोजित कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस में कोरबा जिले के प्रदर्शन की विशेष सराहना की गई। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में जिले ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि जिले में योजना का क्रियान्वयन प्रभावशाली रहा है और इसे अन्य जिलों के लिए उदाहरण माना जा सकता है।

दरअसल कलेक्टर्स कांफ्रेंस के दौरान कलेक्टर अजीत वसंत ने बताया कि जिले में विशेष पिछड़ी जनजातियों बैगा और कोरवा समुदायों के बीच प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना को प्राथमिकता से लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि डीएमएफ (जिला खनिज फाउंडेशन) के सहयोग से योजना की प्रगति सुनिश्चित की जा रही है। कांफ्रेंस के दौरान कलेक्टर ने बताया कि विशेष पिछड़ी जनजातियों से जुड़े 7 सौ घर जो पीएम जनमन योजना के तहत बनाये जा रहे हैं, उन घरों में हम सूर्य घर योजना का लाभ दे रहे हैं। कुल 60 हज़ार रुपए की राशि डीएमएफ से दी जाएगी। इसमें से 45 हज़ार रुपए सरकारी सब्सिडी है और 15 हज़ार रुपए डीएमएफ की राशि है। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी कलेक्टरों से कहा कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र परिवारों तक पहुँचाना हमारी प्राथमिकता है। साथ ही ग्रामीण हितग्राहियों के लिए बैंक फाइनेंस की प्रक्रिया को सरल बनाने के निर्देश दिए।

### धान खरीदी पर सख्त निर्देश

कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 नवंबर से शुरू होने वाली धान खरीदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी जिले में गड़बड़ी या अनियमितता मिलने पर संबंधित कलेक्टर के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जांजगीर जिले में किसानों के कम पंजीयन पर नाराजगी जताई और जल्द पंजीयन पूर्ण करने के निर्देश दिए. मुख्यमंत्री ने कहा कि धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और सुगम होनी चाहिए, ताकि किसानों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### सौ प्रतिशत पंजीयन के निर्देश

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की समीक्षा करते हुए सभी जिलों को एक माह के भीतर शत-प्रतिशत पंजीयन पूरा करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र किसान योजना से वंचित न रहे और विशेष पिछड़ी जनजातियों के किसानों के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में कोई पात्र किसान छूटना नहीं चाहिए। निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा करें, अन्यथा जवाबदेही तय की जाएगी।

# एड्स जागरूकता मानव श्रृंखला और साइबर अपराध पर जनजागरूकता कार्यक्रम



कार्यक्रम में उपस्थित एनएसएस के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से संबद्ध राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई बिंझरा, ब्लॉक पोंडी-उपरोड़ा के तत्वावधान में एक सामाजिक जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छता, एड्स जागरूकता और साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को उपयोगी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर की स्वच्छता अभियान से हुई, जिसमें स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। विद्यार्थियों ने परिसर में साफ-सफाई कर स्वच्छ विद्यालय-स्वस्थ भविष्य का संदेश दिया। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना और समाज को इसके प्रति प्रेरित करना था। इसके बाद एड्स जागरूकता हेतु मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर एकता और संवेदनशीलता का प्रतीक प्रस्तुत किया। मानव श्रृंखला के माध्यम से लोगों को संदेश दिया गया कि एड्स से डरने की नहीं, बल्कि इससे जागरूक रहने की जरूरत है। स्वयंसेवकों ने जानकारी ही बचाव है का नारा देकर आमजनों को एड्स से जुड़ी भ्रांतियों से मुक्त रहने का आह्वान किया। साथ ही साइबर अपराध जागरूकता अभियान के तहत साइबर क्राइम के विभिन्न प्रकार, ऑनलाइन ठगी के तरीके और सतर्क रहने के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को डिजिटल सुरक्षा के प्रति सचेत करना था।कार्यक्रम में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने समाजसेवा की भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उपस्थित शिक्षकगण और ग्रामीण जनों ने भी इस आयोजन की सराहना करी। सभी ने यह संकल्प लिया कि वे समाज में स्वच्छता, जागरूकता और सुरक्षा के संदेश को घर-घर तक पहुँचाएंगे।

# निःशुल्क आयुर्वेदिक न्यूरो थैरेपी एवं पंचकर्म शिविर का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा-पश्चिम एसईसीएल क्षेत्र के कर्मचारियों और उनके परिवारजनों के स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से 12 अक्टूबर रविवार सुबह 10 बजे निःशुल्क आयुर्वेदिक न्यूरो थैरेपी एवं पंचकर्म शिविर का शुभारंभ किया गया। इस विशेष स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन क्षेत्रीय महाप्रबंधक राजेश कुमार गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में हुआ, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुमुदनी जेबियर ने की। यह तीन दिवसीय शिविर 14 अक्टूबर तक एसआरसी (सीनियर रिक्रिएशन क्लब) परिसर में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें कर्मचारियों और उनके परिवारजनों के लिए आयुर्वेदिक और न्यूरो थैरेपी की विभिन्न विधियों से निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। शिविर में डॉ. महेन्द्र रघुवंशी, न्यूरो थैरेपी एवं वातरोग विशेषज्ञ, आयुर्वेदिक न्यूरोथैरेपी गुरु, भोपाल सहित अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा मरीजों का उपचार किया जा रहा है। शिविर में विशेष रूप से फायर नीडल थैरेपी, ब्लड कैंपिंग, लीच थैरेपी, अग्निकर्म, आयुर्वेदिक न्यूरो थैरेपी, ड्राई कपिंग एवं विद्ध कर्म जैसी पारंपरिक उपचार विधियों के माध्यम से गंभीर बीमारियों का इलाज किया जा रहा है। शिविर के पहले ही दिन 50 कर्मचारियों ने उपचार प्राप्त कर लाभ उठाया। उपस्थित कर्मचारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित भी करते हैं।

# NKH SUPER SPECIALITY HOSPITAL




## Inspiring Better Health – SINCE 2014

## एनकेएच अस्पताल – 11 साल का सफर

कोरबावासियों के विश्वास और स्नेह से हमने 11 वर्षों की सेवा पूरी की।
आपके आशीर्वाद और भरोसे के बिना यह संभव नहीं था।

**दिल से धन्यवाद...!**

हम आपके स्वास्थ्य को और बेहतर बनाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहेंगे...

**आपका एनकेएच परिवार**

## BIGGEST TEAM OF EXPERTS

### IN-HOUSE CONSULTANTS

**आर्थोपेडिक डिपार्टमेंट**
डॉ. एस. चंदानी | डॉ. श्रेयस घुगुसकर | डॉ. अविनाश सिंग | डॉ. पी.पी. सिंह

**जनरल सर्जरी डिपार्टमेंट**
डॉ. एस. पालीवाल | डॉ. तुषार अरूण कुमार

**मेडिसीन डिपार्टमेंट**
डॉ. अविनाश तिवारी | डॉ. एस.पी. पाण्डेय | डॉ. अंकूर यादव

**ईएनटी डिपार्टमेंट**
डॉ. अरूण तिवारी | डॉ. निलेश भट्ट

**स्त्री एवं प्रसूति रोग डिपार्टमेंट**
डॉ. आर. पालीवाल | डॉ. एकता चवरे

**न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट**
डॉ. डी. एच. मित्तल | डॉ. मनीष गोयल | डॉ. शिवानी प्रगदा

**बाल रोग/नवजात डिपार्टमेंट**
डॉ. नागेन्द्र बागरी | डॉ. साधना स्वामी | डॉ. अजीत ठोकल

**एनेस्थीसिया एवं पेन मैनेजमेंट**
डॉ. सुदिप्ता साहा | डॉ. रोहित मजूमदार | डॉ. संजना सक्सेना

**गैस्ट्रोएंटरोलॉजी**
डॉ. हरीश सोनी

**रेडियोलॉजी डिपार्टमेंट**
डॉ. सचिन टी.आर.

**पैथोलॉजी डिपार्टमेंट**
डॉ. वंदना चंदानी | डॉ. अनिल अरोड़ा

**डेंटल डिपार्टमेंट**
डॉ. आस्था वैष्णव | डॉ. ट्विंकल गंगवानी

**फिजियोथैरेपी डिपार्टमेंट**
डॉ. अमन श्रीवास्तव | डॉ. यशा मित्तल | डॉ. सुश्रीति कैवर्त

**नेत्र रोग डिपार्टमेंट**
डॉ. चंदा भट्ट

**न्यूट्रिशन डिपार्टमेंट**
डॉ. रिया दुबे

### सुपर स्पेशिलिटी विजिटिंग डॉक्टर्स

**डॉ. संदीप दवे** (लैप्रोस्कोपिक सर्जन)
**डॉ. सतीश सूर्यवंशी** (हृदय रोग विशेषज्ञ)
**डॉ. एस.एस. मोहन्ती** (हृदय रोग विशेषज्ञ)
**डॉ. अजय पराशर** (मूत्र रोग विशेषज्ञ)
**डॉ. हर्ष जैन** (मूत्र रोग विशेषज्ञ)
**डॉ. राजेश गौतम** (किडनी रोग विशेषज्ञ)
**डॉ. प्रवास चौधरी** (किडनी रोग विशेषज्ञ)
**डॉ. गिरीश अग्रवाल** (श्वास रोग विशेषज्ञ)
**डॉ. जयेश शर्मा** (कैंसर सर्जन)
**डॉ. सिद्धार्थ सौरभ** (वैस्कुलर एवं एंडोवैस्कुलर सर्जन)
**डॉ. अनिल चौहान** (शिशु हृदय रोग विशेषज्ञ)
**डॉ. रौनक कलवानी** (प्लास्टिक और कॉस्मेटिक सर्जन)

संपर्क करें-
पंजीयन/सामान्य जानकारी : 8602599122
आपातकालीन नंबर : 6232033215
टोल-फ्री नंबर : 1800-3096-570
वेबसाइट : www.nkhhospitals.in
ईमेल : newkorbahospital@gmail.com

**न्यू कोरबा हॉस्पिटल, मंगलम विहार कोसाबाड़ी, कोरबा**

## खबर संक्षेप

### अधिवक्ता रामकिशोर छत्तीसगढ़ द्विज भूषण की उपाधि से हुए सम्मानित



**कोरबा।** सीएसईबी पूर्व सीनियर क्लब कोरबा में परशुराम सेना कोरबा इकाई द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ी सरयूपारिन ब्रह्मण महासभा में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि प्राप्त विभूतियों को सम्मानित किया गया। जिसमें प्रदेश के समाज के प्रतिभाओं सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में द्विजरत्न शरद चंद बिहार, महंत रामसुंदर दास, द्विज कुलभूषण चंद्रहास बेहार राकेश चतुर्वेदी, प्रदीप शर्मा, सत्यदेव शर्मा, डॉ गार्गी पांडेय, द्विज कुल गौरव अशोक तिवारी, तरुण मिश्रा, रामकिशोर शर्मा, शिवराज शर्मा, द्विज दिव्य रत्न स्व बसंत शर्मा, स्व रामशरण तिवारी, स्व अविनाश मिश्रा, स्व जनकलाल मोतीलाल पांडे को सम्मानित किया गया। महापौर संजूदेवी राजपूत ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम कर समाज के भीतर सकारात्मक प्रेरणा जगाने का उत्कृष्ट प्रयास परशुराम सेना समाज कर रहा है। जब हम किसी व्यक्ति की मेहनत और उपलब्धियों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करते हैं तो हम सिर्फ उसका मनोबल नही बढ़ाते, बल्कि समाज के अन्य लोगों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। हमें यह भी याद रखना जरूरी है कि सम्मान केवल पद, डिग्री या पैसे से नहीं मिलता बल्कि हमारे आचरण, सेवा एवं समर्पण से प्राप्त होता है। उन्होंने समाज के हर उस व्यक्ति को नमन किया जो निस्वार्थ भाव से अपने आस-पास के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास कर रहे हैं। कार्यक्रम में चंद्र कुमार शर्मा, आभार परशुराम सेना के अध्यक्ष डॉ त्रिपाठी, डी दीवान, रविंद दुबे, विजय दुबे, अजय पांडेय, राजेश दुबे, बालको से दुष्यंत शर्मा, अमित शर्मा, राजीव शर्मा, शितलेश शुक्ला, नरेश तिवारी सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित थे।

### रिचर्ड डेविड लोगन बने आम आदमी पार्टी के कोरबा जिलाध्यक्ष



**कोरबा।** आम आदमी पार्टी ने संगठन विस्तार के तहत प्रदेश के 11 जिलों में नए जिलाध्यक्षों की घोषणा की है। इसी क्रम में जिले की जिम्मेदारी पार्टी के कार्यकर्ता रिचर्ड डेविड लोगन को सौंपी गई है। प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक के निर्देश पर, सह प्रभारी एवं दिल्ली के विधायक मुकेश अहलावत के मार्गदर्शन में प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू और प्रदेश महासचिव वद्दूद आलम ने नए जिलाध्यक्षों की सूची जारी की। श्री लोगन लंबे समय से पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनकी नियुक्ति से जिले में कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। समर्थकों का कहना है कि उनके नेतृत्व में आम आदमी पार्टी को कोरबा में नई मजबूती और दिशा मिलेगी। जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने पर रिचर्ड डेविड लोगन ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा। जनता की आवाज़ बनकर उनके अधिकारों की लड़ाई को मजबूती से लड़ा जाएगा।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा शहरी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के 3-3 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 22 अक्टूबर निर्धारित है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं एवं सहायिका पद के लिए शैक्षणिक योग्यता 8वीं निर्धारित है। आवेदिकाओं को संबंधित वार्ड की निवासी होना अनिवार्य है जिसके लिए आवेदन किया जा रहा है। आवेदन पत्र पर पद एवं केन्द्र का नाम का स्पष्ट उल्लेख करना आवश्यक होगा। आवेदिकाओं की आयु 18 से 44 वर्ष के बीच होना आवश्यक है। इच्छुक आवेदिकाएं निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन सीधे अथवा साधारण/पंजीकृत डाक के माध्यम से परियोजना कार्यालय में प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक कार्यालयीन दिवस में जमा कर सकते है। आवेदन की शर्तें तथा प्रारूप परियोजना कार्यालय कोरबा, नगर निगम के सूचना पटल एवं सभी संबंधित वार्डो के आंगनबाड़ी के सूचना पटल पर उपलब्ध है। वार्डवार कार्यकर्ता व सहायिका के रिक्त पदों की जानकारी एवं नियुक्ति के संबंध में अन्य आवश्यक जानकारी परियोजना कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

## 25वीं शालेय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

# खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रदेश का नाम रौशन करें : लखनलाल




प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित उद्योग मंत्री लखन देवांगन, महापौर, विधायक प्रेमचंद पटेल एवं मार्च पास्ट कर सलामी देते खिलाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

25वीं शालेय राज्य स्तरीय तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी अपने उम्दा प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में चयनित होकर छग का प्रतिनिधित्व करने के साथ नाम रौशन करें।

प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर श्री उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों को लेकर गंभीर है। प्रदेश के कई स्थानों में बड़े खेल मैदान तैयार किए जा रहे हैं। कोरबा में आयोजित हो रही तीन दिवसीय शालेय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में छग का नाम रौशन करेंगे ऐसी कामना करते है। उन्होंने कहा कि जिले में खेल का माहौल तैयार है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की व्यवस्था की जा रही है। बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरुस्कृत किया जाएगा। जिले के इंदिरा स्टेडियम को भी दुरुस्त किया जाएगा। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय ने प्रतियोगिता का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। शुभारंभ अवसर पर सभी संभाग से पहुंचे खिलाड़ियों ने मार्चफास्ट कर झंडे को सलामी दी। इसके साथ ही छात्र छात्राओं ने रंगा रंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये।

**खास बात**

- पांच संभाग के खिलाड़ी ले रहे हैं हिस्सा

**आज होने वाले मैच**

हॉकी बालक/बालिका 17 वर्ष

- दुर्ग विरुद्ध रायपुर बालक प्रातः 7 बजे
- दुर्ग विरुद्ध रायपुर बालिका प्रातः 8 बजे
- सरगुजा विरुद्ध बस्तर बालक प्रातः 9 बजे
- सरगुजा विरुद्ध बस्तर बालिका प्रातः 10 बजे
- बिलासपुर विरुद्ध दुर्ग बालक प्रातः 2 बजे
- बिलासपुर विरुद्ध दुर्ग बालिका प्रातः 3 बजे
- रायपुर विरुद्ध बस्तर बालक प्रातः 4 बजे

# परियोजना अधिकारी की सर्विस बुक में बाबू ने कर दी एंट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महिला बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी के सर्विस बुक रिकार्ड में विभाग के बाबू के द्वारा ही सुधार कार्य किए जाने का मामला सामने आया है। इस प्रकरण को लेकर कार्यक्रम अधिकारी ने दोनों को कारण बताओं नोटिस जारी किया है।

इस पूरे मामले के अनुसार महिला बाल विकास विभाग के अंतर्गत आने वाली कोरबा शहरी परियोजना में पदस्थ परियोजना अधिकारी ममता तुली के द्वारा अपने सर्विस रिकार्ड में कार्यालय के बाबू आलोक पाण्डेय से ही सुधार कार्य करा दिया गया है। यह मामला दो वर्ष पूर्व का है। जिसे लेकर अब कार्यवाही शुरु हुई है और कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा परियोजना अधिकारी ममता तुली और क्लर्क आलोक पांडेय को कारण बताओं नोटिस जारी की है। कार्यक्रम अधिकारी के अनुसार किसी भी कर्मचारी की सेवा पुस्तिका में सुधार और एंट्री का अधिकार जिला कार्यालय को है। इसके लिए कार्यक्रम अधिकारी की अनुमति आवश्यक होती है लेकिन कोरबा शहरी परियोजना के अधिकारी द्वारा ऐसा नहीं किया गया है। जिसकी जांच करायी जा रही है।

**दोनों को जारी की गई नोटिस**

किसी भी कर्मचारी के सेवा पुस्तिका में एंट्री का अधिकार जिला कार्यालय को है। उनकी अनुमति से ही एंट्री कार्य होता है। परियोजना अधिकारी की सेवा पुस्तिका में बाबू ने एंट्री की है। बिना जिला कार्यालय के कार्यक्रम अधिकारी के अनुमति इस मामले में बाबू और परियोजना अधिकारी को नोटिस जारी की गई है।

**- रेणु प्रकाश**
कार्यक्रम अधिकारी, मबावि

**ये है मामला**

पूरा प्रकरण वर्ष 2022-23 का है। बताया जाता है कि परियोजना अधिकारी के द्वारा लंबित अवकाश प्रकरण को स्वीकृत कराने के लिए आवेदन दिया गया था। जिसका परीक्षण कराने के बाद यह बात सामने आयी कि सर्विस बुक जिला कार्यालय में रहना चाहिए। वह बिना कार्यक्रम अधिकारी को सूचित किये परियोजना कार्यालय में रखा गया था। वहीं सर्विस बुक में इंद्राज कार्यालय के बाबू आलोक पांडेय सहायक ग्रेड 1 से कराया गया है। अवकाश नस्ती का अवलोकन करने के बाद यह जानकारी मिली कि नस्ती में कोई भी दस्तावेज नहीं है। इस मामले में कार्यक्रम अधिकारी रेणु प्रकाश ने परियोजना अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

# कोरियर कंपनी में चोरों का धावा, लाखों की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



ककक

चोरों ने एक कोरियर कंपनी में धावा बोलकर 1 लाख 17 हजार रूपये नकद की चोरी की है। चोरी की घटना सामने आते ही पुलिस की टीम मामले की तहकीकात में जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरों की धरपकड़ कर ली जाएगी।

जानकारी के अनुसार चोरी की पहली घटना कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत के ग्राम जेंजरा के पास स्थित डेल्हीवेरी कोरियर कंपनी में हुई। यहां चोरों ने कोरियर कंपनी को अपना निशाना बनाया। रात के अंधेरे का फायदा उठाकर चोर कार्यालय में घुसे और तिजोरी तोड़कर 1 लाख 17 हजार रुपए नकद चोरी कर ली है। हालांकि यह पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। कोरियर कंपनी के संचालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी कैमरे से मिले फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपियों के गिरेबाह तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। वहीं दूसरी घटना कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम सुतर्रा में भी चोरी की घटना सामने आई है। हालांकि इस मामले को लेकर कटघोरा थाना प्रभारी धरमनारायण तिवारी ने बताया कि सुतर्रा में हुई घटना आपसी लेनदेन का मामला है। किसी भी पक्ष ने मामले की रिपोर्ट थाने में दर्ज नहीं करायी है।

**खास बात**

- कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जेंजरा का मामला

### विद्यार्थियों को कराया गया औद्योगिक और फील्ड विजिट

**कोरबा।** शासकीय नवीन महाविद्यालय पाली में पीएम श्री उषा के तहत महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को 11 अक्टूबर को औद्योगिक और फील्ड विजीट कराया गया। महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को प्रातः 7 बजे बसों के माध्यम से कटघोरा स्थित विश्वकर्मा इडस्टीज और छुरी में संचालित कोसा उद्योग का भ्रमण कराया गया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने किस प्रकार के मशीन और कपड़े बनते हैं बारिकी से जानकारी प्राप्त किया। अनेक विद्यार्थियों ने प्रश्नों के माध्यम से उद्योग से सबंद्धित अपनी जिज्ञासा को भी शांत किया। इसके बाद सभी विद्यार्थी सतरेगा प्राकृतिक क्षेत्र का भी भम्रण किये जहां पर वे प्राकृतिक वनस्पतियों, जलचर जीवों, मिट्टी और पर्यावरण आदि का ज्ञान प्राप्त किये। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी लाजरस के निर्देश पर सुनील कंवर नोडल अधिकारी पीएम श्री उषा, डॉ हर्ष पान्डेय, डॉ शेख तस्लीम अहमद, टीआर कश्यप, डॉ कविता ठक्कर, वर्षा लकरा आदि के द्वारा सभी छात्र छात्राओं को औद्योगिक और फील्ड विजीट कराया गया। इस विजीट के लिए छात्र छात्राओं के अभिभावकों से भी सहमति प्राप्त किया गया था।

# पॉवर कंपनी मुख्यालय में महासंघ का अनिश्चितकालीन क्रमिक धरना जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




धरना में बैठे बिजली कर्मचारी संघ के सदस्य।

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ का अनिश्चितकालीन क्रमिक धरना प्रदर्शन लगातार जारी है। 12 अक्टूबर को आंदोलन के तृतीय दिवस पर बिलासपुर क्षेत्र के पदाधिकारी एवं सदस्य अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं।

महासंघ के महामंत्री नवरतन बरेठ ने बताया कि महासंघ की न्यायोचित मांगों पुरानी पेंशन बहाली, संविदा कर्मियों का नियमितिकरण, पदोन्नति एवं वेतन विसंगति सुधार के समर्थन में यह धरना पूरे प्रदेश में ऊर्जावान रूप से चल रहा है। क्रमिक धरना के तीसरे दिन बिलासपुर क्षेत्र से प्रमोद सिंह, प्रशांत पटेल, जी. महेश, कृष्णा राव एवं अर्जुन राम साहू धरनास्थल पर उपस्थित रहकर संगठन की एकता और संघर्ष की मिसाल पेश कर रहे हैं। इन वीर साथियों की उपस्थिति महासंघ के संकल्प को और मजबूत बना रही है तथा यह संदेश दे रही है कि छत्तीसगढ़ का हर बिजली कर्मी अपने अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। ज्ञात हो कि महासंघ के द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर लगभग डेढ़ महीने से लेकर आंदोलन चल रहा है विगत 9 अक्टूबर को पावर कंपनी मुख्यालय के समक्ष विशाल प्रदर्शन एवं आम सभा कर ज्ञापन दिया गया था। कंपनी प्रबंधन के द्वारा बैठक बुलाकर आश्वासन दिया गया लेकिन महासंघ ने आश्वासन को नहीं मानते हुए निर्णय लिया कि पावर कंपनी के मुख्यालय के सामने क्रमिक धरना दिया जाएगा जब तक कि मांगों पर किसी ठोस निर्णय लेते हुए निर्देश जारी नहीं किए जाएंगे।

**खास बातें**

- तीन दिनों से जारी है अनिश्चितकालीन क्रमिक धरना प्रदर्शन
- संविदा कर्मियों को नियमितीकरण का लाभ देने की मांग

# हाथियों का झुंड पहुंचा कोरबा रेंज गेराव-बताती में किया फसल को बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



52 हाथियों का झुंड कोरबा वनमण्डल अंतर्गत वन परिक्षेत्र कोरबा के कोरकोमा सर्किल पहुंच गया है। हाथियों के झुंड ने यहां के गेराव-बताती गांव में पहुंचते ही जमकर उत्पात मचाया और ग्रामीणों के खेतों में लगे धान की फसल को मटियामेट कर दिया। पीड़ित ग्रामीणों द्वारा हाथियों के आने तथा फसल को तहस-नहस किये जाने की सूचना वन विभाग को दिये जाने पर उसके अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंच गये है और नुकसानी के आकंलन में जुट गये है। एक अनुमान के मुताबिक हाथियों के इस उत्पात में ग्रामीणों को हजारों रूपये का नुकसान हुआ है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक हाथियों का झुंड यहां उत्पात मचाने के बाद सुबह होने से पहले जंगल का रूख किया और वहां पर डेरा डालकर विश्राम करने लगा। जिसकी निगरानी ड्रोन कैमरे व मैदानी अमले के जरिए की जा रही है। हाथियों के मौजूदगी वाले गेराव-बताती व आस-पास के गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है। उनसे कहा जा रहा है कि बड़ी संख्या में हाथी क्षेत्र के जंगल में घुम रहा है। अतः उनसे दुरी बनाये रखे। उधर कटघोरा वनमण्डल के पसान रेंज के सेमरहा में हाथियों को उत्पात लगातार जारी है। क्षेत्र में 54 की संख्या में सक्रिय है। जिसमें शनिवार की रात ग्रामीणों के खेतों में पहुंचकर उत्पात मचाते हुए वहां लगे धान फसल को बर्बाद कर दिया है।

# गेवरा क्षेत्र में ठेका कंपनियों की जानकारी सार्वजनिक करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सांसद प्रतिनिधि कुलदीप सिंह राठौर ने एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के अंतर्गत चल रहे ठेका कार्यों में संलग्न कंपनियों के संबंध में महत्वपूर्ण और प्रमाणित जानकारी तत्काल उपलब्ध कराने की मांग की है। कुलदीप सिंह राठौर ने मुख्य महाप्रबंधक एसईसीएल गेवरा क्षेत्र को एक पत्र लिखकर जानकारी मांगी है कि ठेका कंपनियों की सूची, कार्य का नाम, ठेके की अवधि और कार्यरत कर्मचारियों की संख्या की विस्तृत जानकारी, स्थानीय के प्रति उत्तरदायित्व उक्त कर्मचारियों का स्थानीय क्षेत्र के प्रति क्या उत्तरदायित्व है इसकी स्पष्ट जानकारी, कर्मचारी सुविधाएं ठेका कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को दी जाने वाली सभी सुविधाओं की जानकारी, ठेका नियमों की जानकारी जिस नियम एवं शर्तों के तहत ठेका प्रदान किया गया है उसकी संपूर्ण जानकारी मांगी गई है। श्री राठौर ने कहा कि गेवरा क्षेत्र में चल रहे ठेका कार्यों में पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## पूर्व माध्यमिक शाला स्कूल अंडीकछार का मामला

# छठवी से आठवीं तक के बच्चे इंग्लिश एवं संस्कृत की पढ़ाई से हैं वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



स्कूल में पढ़ते बच्चे।

पाली विकासखंड अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला स्कूल अंडीकछार में कक्षा छठवीं से लेकर आठवीं तक 59 बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं जहां के बच्चों को इंग्लिश एवं संस्कृत विषय की पढ़ाई नहीं हो पा रहा है। पाली ब्लॉक अंतर्गत अंडीकछार में अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के बच्चे सहित सामान्य वर्ग के बच्चे यहां पढ़ाई कर रहे हैं जो बच्चे निम्न वर्ग के हैं जहां अंग्रेजी पढ़ाई एवं संस्कृत पढ़ाई से वंचित हो गए हैं। कक्षा पहली से लेकर पांचवी तक की पढ़ाई चार विषयों का था अब इंग्लिश और संस्कृत विषय है जो इन बच्चों के लिए भारीपन हो रहा है क्योंकि यहां इंग्लिश एवं संस्कृत विषय की शिक्षक नहीं है। जहां शासन के द्वारा शिक्षा गुणवत्ता अभियान चलाकर हर क्षेत्र में शिक्षा दे रहा है वही एक ऐसा गांव है जहां इंग्लिश एवं संस्कृत विषय के लिए बच्चे वंचित हो रहे हैं जो की अक्टूबर माह चालू हो गया है और अभी तक दो विषय इंग्लिश एवं संस्कृति का पढ़ाई चालू नहीं हुआ है यहां तीन शिक्षक पदस्थ हैं लेकिन कक्षा छठवीं से आठवी तक बच्चे इंग्लिश एवं संस्कृत की पढ़ाई से वंचित है इस संबंध में ग्राम पंचायत उप सरपंच उमेश श्रीवास ने शिक्षक की मांग किया गया था जो की दो विषय की शिक्षक नहीं होने से गांव के बच्चे अब इंग्लिश और संस्कृत विषय से वंचित हो रहा है इसके लिए मुख्यमंत्री से मांग करने की बात कही गई है।

**शिक्षकों की है कमी**

हमारे पूर्व माध्यमिक शाला स्कूल में तीन शिक्षक हैं जो हिंदी अंग्रेजी गणित विज्ञान की है हमारे स्कूल में इंग्लिश एवं संस्कृति विषय की शिक्षक नहीं है इसके लिए मैं विभागीय खंड शिक्षा अधिकारी से मांग किया था फिलहाल हम लोग अपने स्तर में बच्चों का पढ़ाई करा रहे हैं।


**- जयप्रकाश सूर्यवंशी**
प्रधान पाठक अंडीकछार

**विभाग को दी गई जानकारी**

पूर्व माध्यमिक शाला अंडीकछार में तीन शिक्षक हैं। इंग्लिश एवं संस्कृत विषय की शिक्षक नहीं होने की जानकारी दिया गया था जिसके लिए मैं अपने उच्च अधिकारियों को जानकारी दे दिया हूं। पिछले वर्ष मानदेय पर एक शिक्षक रखा गया था अभी युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत दो शिक्षक दिया गया है माध्यमिक शाला स्कूल में तीन शिक्षक की प्रावधान है।

**- श्यामानंद साहू**
खंड शिक्षा अधिकारी जनपद पंचायत पाली

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411